AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : पीजी के 11 कोर्सों का थर्ड सीट अलॉटमेंट जारी

लविवि : एक नवंबर तक जमा कर सकेंगे फीस

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में सत्र 2022-23 के परास्नातक कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में शनिवार को 11 कोर्सों का थर्ड सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया गया। विद्यार्थी एक नवंबर तक ऑनलाइन फीस जमा कर अपनी सीट सुरक्षित कर सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी बायोकेमिस्ट्री, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी बॉटनी/माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी इनवायरमेंटल साइंस, एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी, एमएससी जुलॉजी, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, डीफार्मा, बीपीएड सेकंड कट ऑफ व बीलिब का थर्ड सीट अलॉटमेंट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी लॉगिन आईडी से फीस जमा कर दें।

इन कोर्सों की फीस जमा होना शुरू : एलएलबी, एमएससी जियोलॉजी, एमए एमआईएच, मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमए हिंदी, एमए एजुकेशन, एमए-एमएससी फॉरेंसिक साइंस, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी एंड फूड प्रोसेसिंग, एमकॉम कॉमर्स, एमए इकनॉमिक्स, एलएलएम, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमए साइकोलॉजी, एमजेएमसी, एमए राजनीति विज्ञान, एमएससी मैथ्स, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी फिजिक्स, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ, एमए सोशियोलॉजी, एमएससी बायो स्टेटिक्स के थर्ड सीट अलॉटमेंट के अनुसार फीस जमा करने की प्रक्रिया शनिवार दोपहर से शुरू हो गई। इसके विद्यार्थी भी एक नवंबर तक अपना शुल्क जमा कर सकते हैं।

डॉक्यूमेंट का वेरीफिकेशन

लविवि में पीजी कोर्सों में दो चरण की प्रवेश कार्यसिलिंग पूरी हो चुकी है। इस क्रम में प्रवेश लेने वाले और जिन विद्यार्थियों का प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर जारी हो चुका है, उनका डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन शनिवार को भी किया गया। जल्द ही इन कोर्सों की नियमित कक्षाएं शुरू होंगी। कुछ विषयों में कक्षाएं शुरू भी हो गई हैं। थर्ड सीट अलॉटमेंट के अनुसार प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन की प्रक्रिया आगे पूरी की जाएगी।

बीटेक, बीफार्मा और एमसीए की स्पॉट काउंसिलिंग 14 को

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के अंतर्गत बीटेक, बीफार्मा, एमसीए फर्स्ट सेमेस्टर व तीसरे सेमेस्टर (लेटरल एंट्री) की खाली सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। मेरिट 11 नवंबर को जारी की जाएगी और 14 को स्पॉट काउंसिलिंग होगी। इनकी कक्षाएं भी 16 नवंबर से शुरू होंगी। वहीं मुख्य मेरिट के प्रवेशित विद्यार्थियों की फिजिकल रिपोर्टिंग भी शुरू कर दी गई है।

विवि प्रशासन के अनुसार, उक्त कोर्सों की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी सात नवंबर तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अर्ह अभ्यर्थियों की रैंक लिस्ट 11 नवंबर को विवि की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी और 14 नवंबर को सुबह 10 बजे से न्यू कैंपस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में स्पॉट काउंसिलिंग की जाएगी। विस्तृत जानकारी, प्रोफार्मा, फीस, डॉक्यूमेंट आदि की सूचना विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

लविवि : आवेदन सात तक, 11 को मेरिट, कक्षाएं 16 नवंबर से

वहीं उक्त कोर्सों में यूपीकैट की काउंसिलिंग से प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को न्यू कैंपस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में डीन कार्यालय में फिजिकल रिपोर्टिंग के लिए उपस्थित होने को कहा है। अभ्यर्थियों को निर्धारित सेमेस्टर शुल्क, कॉशन मनी व इनरोलमेंट शुल्क की डीडी, अलॉटमेंट लेटर, एडमिट कार्ड, आवश्यक दस्तावेज के ओरिजनल व फोटो कॉपी के साथ उपस्थित हों। छात्रावास की सुविधा भी यूपीकैट की मेरिट के अनुसार ही उपलब्ध होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

प्रो. एके सिंह ने संभाला डीन का काम

लखनऊ। लविवि के फिजिक्स विभाग के प्रो. अशोक सिंह ने शनिवार को विवि के इंजीनियरिंग संकाय के डीन का पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने संकाय के सभी शिक्षकों तथा शिक्षणेतर कर्मचारियों से संवाद किया। प्रो. सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने व छात्रों को प्लेसमेंट दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। प्रो. आरएस गुप्ता, डॉ. अनुपम त्रिपाठी, डॉ. हिमांशु पांडेय, डॉ. सिद्धार्थ, गौरव श्रीवास्तव, फार्मेसी संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

रिसर्च मेथडोलॉजी के बारे में बताया

लखनऊ। लविवि के वाणिज्य विभाग में शनिवार को स्व. प्रो. आरके त्रिपाठी की स्मृति में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें कोलकाता विवि के प्रो. जेके दास ने विद्यार्थियों को 'रोल ऑफ रिसर्च मेथडोलॉजी इन सोशल साइंस रिसर्च' के बारे में जानकारी दी। शोध कार्य में प्रयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण तकनीकों के बारे में भी बताया। विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार, डॉ. गीतिका टंडन कपूर, डॉ. श्रुति कीर्ति कौशल समेत अन्य शिक्षक व छात्र मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमबीए स्टूडेंट्स के लिए प्लेसमेंट ऑफर

लखनऊ। लविवि के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) की ओर से एमबीए पास विद्यार्थियों के लिए इनफिनिटी फिनसर्व कंपनी की ओर से असिस्टेंट सेल्स मैनेजर पद पर भर्ती की जाएगी। सीपीसी की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी गूगल फॉर्म से आवेदन कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को अधिकतम 4.8 लाख रुपये सालाना का पैकेज व इंसेंटिव दिया जाएगा। पत्रकारिता के विद्यार्थियों को एक निजी चैनल में जॉब ऑफर किया गया है। लिखित परीक्षा और पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 6

कुलपति, चक्रवर्ती, कुलाधिपति मेडल के लिए मांगे नाम

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विवि का 65वां दीक्षांत समारोह 12 दिसंबर को होगा। इस समारोह में सभी विभागों से कुलपति स्वर्ण पदक, कुलाधिपति और डॉ. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक के लिए 10 नवंबर तक योग्य विद्यार्थियों के नाम मांगे गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से सभी डीन, प्रोवोस्ट और एथलेटिक असोसिएशन को भेजे गए पत्र के मुताबिक विभागों की संस्तुति के वाद कुलपति की अध्यक्षता में वनी कमिटी मेडल के लिए नाम तय करेगी।

12 दिसंबर को होगा एलयू का दीक्षांत समारोह

समारोह में एनसीसी के वेस्ट कैडेट को भी कुलपति स्वर्ण मिलेगा। इसके लिए भी दस नवंबर तक विवि की एनसीसी यूनिटों से नाम मांगे गए हैं। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने वताया कि इस वार करीव 190 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और संवद्ध कॉलेजों के 35 हजार विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी। समारोह में कुछ मेधावियों को मेडल मिलेंगे। वाकी को विभागवार समारोह में पदक मिलेंगे।

लविवि : चांसलर व चक्रवर्ती मेडल के आवेदन शुरू

लखनऊ। लविवि के 12 दिसंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले प्रमुख मेडल कुलाधिपति व चक्रवर्ती मेडल के लिए योग्य विद्यार्थियों की खोज शुरू हो गई है। इनके इंटरव्यू के बाद फाइनल सूची जारी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपठी की ओर से सभी डीन, प्रोवोस्ट, चीफ प्रोक्टर, प्रॉक्टर, एथलेटिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन को पत्र भेजकर चांसलर गोल्ड मेडल के लिए रिकमेंडेशन मांगी गई है।

लविवि कैम्पस में शनिवार को रही चहल-पहल। संवाद

इसकी सूचना नोटिस बोर्ड पर लगाकर 10 नवंबर तक भेजने को कहा है। डॉ. चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के लिए कॉलेजों से भी संस्तुतियां मांगी गई हैं। यह गोल्ड मेडल विद्यार्थी की ओवरऑल परफार्मेंस के आधार पर दिया जाता है। विद्यार्थी अपने चीफ प्रोवोस्ट, डीन्स, प्रॉक्टर, चेयरमैन, निदेशक व प्राचार्यों के पास आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन कर सकते हैं। इसकी संस्तुति भी 10 नवंबर तक देने को कहा गया है। बता दें कि डॉ. चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के साथ ही विद्यार्थियों के एकेडमिक परफार्मेंस के आधार पर 10 ब्रॉन्ज, दो सिल्वर मेडल भी दिए जाएंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 7

विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह के लिए तैयारी शुरू कर दी

एलयू: कुलाधिपति मेडल समेत अन्य आवेदन मांगे

लखनऊ। एलयू ने दीक्षांत समारोह के लिए तैयारी शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने कुलपति स्वर्ण पदक, कुलाधिपति और डा. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक के लिए छात्र-छात्राओं के नाम मांगे हैं। शनिवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर सभी डीन, हास्टल के प्रोवोस्ट व एथलेटिक एसोसिएशन को पत्र भेजा है। 10 नवंबर तक इन पदक के लिए छात्र-छात्राओं के नाम की संस्तुति परीक्षा नियंत्रक के पास भेजनी होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने कहा कि तीन प्रमुख स्वर्ण पदक के लिए विभागों से विद्यार्थियों के नाम आने के बाद कमेटी स्क्रीनिंग करके साक्षात्कार व अन्य प्रक्रिया पूरी करेगी जो नाम फाइनल होंगे, उन्हें समारोह में पदक दिया जाएगा।

नवम्बर में एमबीए के लिए रोजगार मेले का आयोजन

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन नैक से ए प्लस प्लस ग्रेड हासिल करने के बाद अब छात्रों को इसका लाभ दिलाने की तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय प्रशासन नवंबर में वृहद स्तर पर छात्रों के लिए रोजगार मेले का आयोजन करेगा।

पीजी के लिए सीट आवंटन जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय की पीजी प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत शनिवार को पीजी के 11 कोर्स का तीसरा सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। एमएससी केमेस्ट्री, बायोकेमेस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, बॉटनी, एनवायरमेंटल साइंस, अप्लाइड जियोलॉजी, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, डी फार्मा, बीबीपीएड, बीलिब का सीट आवंटन जारी किया गया। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी से सीट आवंटन देख सकते हैं।

i-NEXT PAGE 5

पीजी के 34 विषयों में स्टूडेंट्स को मिलीं सीटें

लखनऊ यूनिवर्सिटी में पीजी के 34 विषयों का सीट आवंटन

LUCKNOW (29 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को पीजी के 34 विषयों का सीट आवंटन जारी किया. इनकी कटआफ शुक्रवार को जारी की जा चुकी थी. अब सीटों के सापेक्ष आवंटन किया गया है. नोटिफिकेशन के मुताबिक जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की गई हैं, वह एक नवंबर तक अपनी फीस जमा करें

1 तक जमा करनी है फीस

एलयू एवं कालेजों में संचालित बीपीएड कोर्स में प्रवेश के लिए दूसरी कटआफ के अंतर्गत सीट आवंटन किया गया है. जिन्हें सीट मिल गई है, उनके पास भी एक नवंबर तक फीस जमा करनी है.

इन विषयों में सीट आवंटन

एमए एजुकेशन, एमए/एमएससी फारेंसिक साइंस, एमएससी फूड प्रासेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी, एलएलबी, एमएससी जियोलाजी, एमए हिस्ट्री (एमआईएच), मास्टर आफ हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमए हिन्दी, एमकाम कामर्स, एमए इकोनामिक्स, एलएलएम, एमएससी कंम्प्यूटर साइंस, एमए साइकोलाजी, एमजेएमसी, एमए पालिटिकल साइंस, एमएससी मैथमेटिक्स, एमए पब्लिक एडमिनि. आदि में सीट आवंटन हुआ है.

एमबीए के स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट का मिला चांस

एलयू की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने मांगे आवेदन

LUCKNOW (29 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय अपने स्टूडेंट्स को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में लगा है. सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में एमबीए उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को नौकरी का मौका दिया है. आवेदन प्लेसमेंट सेल के माध्यम से कर सकते हैं. चयन असिस्टेंट मैनेजर सेल्स के पदों पर होगा. प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है.

ऑनलाइन होगा आवेदन

उन्होंने बताया कि कंपनी में एमबीए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए अवसर दिया है, जो सेल्स में अपना करियर बनाना चाहते हैं, वह गूगल फार्म docs.google.com/forms/d/e/vFAI के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. चयनित स्टूडेंट्स को 2.4 लाख से 4.8 लाख रुपये सालाना के साथ इनसेंटिव दिया जाएगा.

नेशनल में प्लेसमेंट ड्राइव एक को

नेशनल पीजी कॉलेज में भी पढ़ने वाले यूजी व पीजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 1 नवंबर को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा. इसके लिए एक एजुकेशन कंपनी ने 21 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन फार्म भरवा लिया था. ग्रेजुएट और मैनेजमेंट ट्रेनी के पदों पर चयन के लिए कंपनी के प्रतिनिधि 1 नवंबर को आएंगे. प्लेसमेंट में चयनित पीजी स्टूडेंट्स को अधिकतम 8.46 लाख रुपए और यूजी स्टूडेंट्स को 6.60 लाख रुपये सीटीसी मिलेगा.

स्पाट काउंसिलिंग 14 नवंबर को

LUCKNOW (29 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में संचालित बीटेक, एमसीए और बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर में सीधे दाखिले के लिए सात नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे. एकेटीयू की काउंसिलिंग के बाद एलयू में इन कोर्सों की खाली सीटो के सापेक्ष 11 नवंबर को मेरिट जारी जाएगी. 14 नवंबर को मेरिट के आधार पर फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी में स्पाट काउंसिलिंग होगी.

डॉक्यूमेंट्स लेकर आना होगा

एलयू के फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी के अंतर्गत बीटेक, बीफार्मा, एमसीए आदि कोर्स चलते हैं. हर साल बीटेक सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस), इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिक इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर, बीटेक तृतीय सेमेस्टर (लेटरल एंट्री), एमसीए, बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर और बीफार्मा तृतीय सेमेस्टर में सीधे प्रवेश दिए जाते हैं. इस पर भी आवेदन किए जा रहे हैं.

मेडल के लिए एलयू ने मांगे नाम

चांसलर और डॉ. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक के लिए मांगे विद्यार्थियों के नाम

LUCKNOW (29 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय ने 12 दिसंबर को होने वाले दीक्षा समारोह के लिए तैयारी शुरू कर दी है. विश्वविद्यालय ने वीसी स्वर्ण पदक के बाद अब चांसलर और डॉ. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक के लिए स्टूडेंट्स के नाम मांगे हैं. शनिवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर सभी डीन, हॉस्टल के प्रोवोस्ट व एथलेटिक एसोसिएशन के पत्र भेज दिया है. 10 नवंबर तक इन पदकों के लिए स्टूडेंट्स के नाम की संस्तुति परीक्षा नियंत्रक के पास भेजनी होगी.

विभागों को पत्र भेजा गया

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि दीक्षा समारोह के लिए तैयारी चल रही है. तीन प्रमुख स्वर्ण पदक के लिए विभागों को पत्र भेज दिए गए हैं. विभागों से विद्यार्थियों के नाम आने के बाद कमेटी स्क्रीनिंग करके साक्षात्कार व अन्य प्रक्रिया पूरी करेगी जो नाम फाइनल होंगे, उन्हें दीक्षा समारोह में पदक दिया जाएगा.

चांसलर स्वर्ण पदक

दीक्षा समारोह में दिया जाने वाला यह प्रमुख पदक है. इसके लिए स्टूडेंट्स की ओवरआल परफार्मेंस देखी जाएगी. प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त करना जरूरी है, लेकिन पिछली परीक्षाओं में 50 फीसद से कम अंक पाने वाले इसके लिए पात्र नहीं होंगे. चयन के समय छात्र का पूरा शैक्षिक रिकार्ड, शारीरिक फिटनेस, खेले जाने वाले खेल, एनसीसी की सामान्य सहायता सहित कई बिंदुओं को देखा जाता है. इसके अलावा विश्वविद्यालय की ओर से सामूहिक रचनात्मक गतिविधि में भागीदारी को भी इस पदक के चयन लिए गिना जाएगा.

डॉ. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक

यह पदक ऐसे छात्र को दिया जाएगा जो अच्छे व्यवहार का हो और विश्वविद्यालय के सामान्य सामाजिक जीवन में सबसे अधिक सहायक पाया गया हो. इस पदक के लिए छात्र-छात्रा चीफ प्रोवोस्ट, डीन, प्राक्टर एवं एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन के पास अपने शैक्षणिक रिकार्ड आदि के साथ आवेदन कर सकते हैं.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में हुआ स्पेशल लेक्चर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में शनिवार को स्व. प्रो. आरके त्रिपाठी की स्मृति में मेमोरियल स्पेशल लेक्चर सीरीज" के अंतर्गत द्वितीय लेक्चर का आयोजन किया गया। कलकत्ता विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रो. जेके दास ने "रोल आफ रिसर्च मेथेडोलाजी इन सोशल साइंस रिसर्च" शीर्षक पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार, डा. गीतिका टंडन, डा. श्रुतिकीर्ति सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बीटेक, बीफार्मा में स्पाट काउंसिलिंग 14 को

जासं, लखनऊ : लवि के द्वितीय परिसर में संचालित बीटेक, एमसीए और बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर में सीधे दाखिले के लिए सात नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। एकेटीयू की काउंसिलिंग के बाद लवि में इन कोर्सों की खाली सीटों के सापेक्ष 11 नवंबर को मेरिट जारी जाएगी। 14 नवंबर को मेरिट के आधार पर फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी में स्पाट काउंसिलिंग होगी। ०लवि के फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी के अंतर्गत बीटेक, बीफार्मा, एमसीए आदि कोर्स चलते हैं। हर साल बीटेक सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस), इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिक इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर, बीटेक तृतीय सेमेस्टर (लेटरल एंट्री), एमसीए, बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर और बीफार्मा तृतीय सेमेस्टर में सीधे प्रवेश दिए जाते हैं।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 3

लविवि में शुरू हुई दीक्षांत समारोह की तैयारियां

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह के लिए तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने कुलपति स्वर्ण पदक, कुलाधिपति और डा. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक के लिए विद्यार्थियों के नाम मांगे हैं। शनिवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर सभी डीन, हास्टल के प्रोवोस्ट व एथलेटिक एसोसिएशन को पत्र भेज दिया है। 10 नवंबर तक इन पदकों के लिए विद्यार्थियों के नाम की संस्तुति परीक्षा नियंत्रक के पास भेजनी होगी।



परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिए तैयारी चल रही है। तीन प्रमुख स्वर्ण पदक के लिए विभागों को पत्र भेज दिए गए हैं। विभागों से विद्यार्थियों के नाम आने के बाद कमेटी स्क्रीनिंग करके साक्षात्कार व अन्य प्रक्रिया पूरी करेगी जो नाम फाइनल होंगे, उन्हें समारोह में पदक दिया जाएगा।

लविवि में सोमवार से लगेंगी एलएलबी की कक्षाएं : लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी की कक्षाएं एक नवम्बर से शुरू होंगी। एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं सेकेण्ड कैम्पस में प्रातः दस बजे से लगेंगी। 28 और 29 को अभिलेख सत्यापन पूरा होने के बाद विधि विभाग ने कक्षाओं को टाइम टेबल जारी कर दिया है। संकायाध्यक्ष प्रो. बी.डी. सिंह ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर के साथ ही तीसरे सेमेस्टर की कक्षाएं भी एक से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि कोर्स अधिक होने की वजह से अब प्रतिदिन छह पेपर पढ़ाए जाएंगे। अभी तक तीन-तीन पेपर पढ़ाए जाते थे। तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं प्रातः 9.30 बजे से लगेंगी।

लविवि में जारी हुआ पीजी का सीट आवंटन : लखनऊ विश्वविद्यालय की पीजी प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत शनिवार को पीजी के 11 कोर्स का तीसरा सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। एमएससी केमेस्ट्री, बायोकेमेस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, बॉटनी, एनवायरमेंटल साइंस, अप्लाइड जियोलॉजी, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, डी फार्मा, बीबीपीएड, बीलिब का सीट आवंटन जारी किया गया। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी से सीट आवंटन देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को एक नवम्बर तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करना होगा।

लवि : परास्नातक के 34 विषयों का सीट आवंटन जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को परास्नातक के 34 विषयों का सीट आवंटन जारी कर दिया। इनकी कटआफ शुक्रवार को जारी की जा चुकी थी। अब सीटों के सापेक्ष आवंटन किया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की गई हैं, वह एक नवंबर तक अपनी फीस जमा कर दें।

शनिवार को दोपहर 12 बजे के बाद एमए एजुकेशन, एमए/एमएससी फारेंसिक साइंस, एमएससी फूड प्रासेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी, एलएलबी, एमएससी जियोलाजी, एमए हिस्ट्री (एमआइएच), मास्टर आफ हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हिन्दी, एमकाम कामर्स, एमए इकोनामिक्स, एलएलएम, एमएससी कंम्प्यूटर साइंस, साइकोलाजी, एमजेएमसी, पालिटिकल साईंस, एमएससी मैथमेटिक्स, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ, एमए, सोशियोलाजी, एमएससी बायोस्टैटिस्टिक्स, एमएससी एंथ्रोपोलाजी, एमएससी फिजिक्स में सीट आवंटन अभ्यर्थियों की लागइन पर जारी किया गया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल एल्डिको में तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आदर्श संयुक्त राष्ट्र का रगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। इसमें लखनऊ के आसपास के स्कूलों से करीब 400 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय ने इसका शुभारंभ करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मेलन युवाओं के सर्वांगीण विकास मे उपयोगी होते हैं। सम्मेलन के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने आदर्श संयुक्त राष्ट्र में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम मे सुपर हाउस के डायरेक्टर जावेद हाशमी और स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा अग्रवाल उपस्थित रही। सौ. स्कूल

JAGRAN CITY PAGE III

चांसलर व डा.चक्रवर्ती स्वर्ण पदक के लिए मांगे नाम

लवि के परीक्षा नियंत्रक ने सभी डीन, हास्टल के प्रोवोस्ट और एथलेटिक एसोसिएशन को भेजा पत्र

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 12 दिसंबर को होने वाले दीक्षा समारोह के लिए तैयारी शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने कुलपति स्वर्ण पदक के बाद अब चांसलर और डा. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक के लिए छात्र-छात्राओं के नाम मांगे हैं। शनिवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर सभी डीन, हास्टल के प्रोवोस्ट व एथलेटिक एसोसिएशन को पत्र भेज दिया है। 10 नवंबर तक इन पदकों के लिए छात्र-छात्राओं के नाम की संस्तुति परीक्षा नियंत्रक के पास भेजनी होगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि दीक्षा समारोह के लिए तैयारी चल रही है। तीन प्रमुख स्वर्ण पदक के लिए विभागों को पत्र भेज दिए गए हैं। विभागों से विद्यार्थियों के नाम आने के बाद कमेटी स्क्रीनिंग करके साक्षात्कार व अन्य प्रक्रिया पूरी करेगी। जो नाम फाइनल होंगे, उन्हें दीक्षा समारोह में पदक दिया जाएगा।

चांसलर स्वर्ण पदक : दीक्षा समारोह में दिया जाने वाला यह प्रमुख पदक है। इसके लिए छात्र-छात्रा की ओवरआल परफार्मेंस देखी जाएगी। प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त करना जरूरी है, लेकिन पिछली परीक्षाओं में 50 फीसद से कम अंक पाने वाले इसके लिए पात्र नहीं होंगे। चयन के समय छात्र का पूरा शैक्षिक रिकार्ड, शारीरिक फिटनेस, खेले जाने वाले खेल, एनसीसी की सामान्य सहायता सहित कई बिंदुओं को देखा जाता है। इसके अलावा विश्वविद्यालय की ओर से सामूहिक रचनात्मक गतिविधि में भागीदारी को भी इस पदक के चयन लिए गिना जाएगा।

डा.चक्रवर्ती स्वर्ण पदक : यह पदक ऐसे छात्र को दिया जाएगा जो अच्छे व्यवहार का हो और विश्वविद्यालय के सामान्य सामाजिक जीवन में सबसे अधिक सहायक पाया गया हो। इस पदक के लिए छात्र-छात्रा चीफ प्रोवोस्ट, डीन, प्राक्टर एवं एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन के पास अपने शैक्षणिक रिकार्ड आदि के साथ आवेदन कर सकते हैं।

चांसलर पदक में ये भी दिए जाएंगे : चांसलर स्वर्ण पदक के साथ-साथ 10 चांसलर रजत पदक और दो कांस्य पदक भी दिए जाएंगे। इनमें प्रत्येक संकाय से फाइनल बैचलर डिग्री में बेस्ट स्टूडेंट्स को दो कांस्य पदक, पीजी के सभी संकायों में से बेस्ट स्टूडेंट को एक रजत पदक और विश्वविद्यालय की बेस्ट छात्रा को एक रजत पदक दिया जाएगा।

एकेटीयू का दीक्षा समारोह 25 को प्रस्तावित

जासं, लखनऊ: डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय का दीक्षा समारोह 25 नवंबर को प्रस्तावित है। समारोह को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार समारोह में इंडस्ट्रीज और फार्मा कंपनी से जुड़े व्यक्ति को मुख्य अतिथि बनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से राजभवन को तीन नाम स्वीकृति के लिए भेजे गए है। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र का कहना है कि नवंबर के पहले सप्ताह में समारोह को लेकर कार्यपरिषद की बैठक भी प्रस्तावित है।

नवंबर में वीबीएयू का भी दीक्षा समारोह संभावित

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (वीबीएयू) का दीक्षा समारोह नवंबर के आखिर सप्ताह में प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय की ओर से दीक्षा समारोह की तिथि और मुख्य अतिथि के नाम का प्रस्ताव बनाकर राष्ट्रपति भवन भेजा गया है, लेकिन अभी तक वहां से समारोह की तिथि को लेकर कोई सहमति नहीं मिल पाई है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय की ओर से दीक्षा की तैयारी की जा रही है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में एक नवंबर तक फीस जमा करने का मौका

चयनित अभ्यर्थियों ने अभिलेख सत्यापन और न्यूनतम योग्यता की कराई जांच, प्रवेश प्रक्रिया हुई तेज

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लविवि ने पीजी की दूसरी व तीसरी कट ऑफ में चयनित छात्र व छात्राओं को एक नवंबर तक फीस जमा करने का मौका दे दिया है। जबकि उधर, पीजी प्रवेश प्रक्रिया जारी रही। इस दौरान पहली व दूसरी कट ऑफ के अभ्यर्थियों ने अपने अपने विषय के विभागों में अभिलेख सत्यापन और न्यूनतम योग्यता की जांच कराई।

लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि तीसरी कट ऑफ